NAVAJYOTI
जैतारण रायपुर ब्यावर मसूदा बिजयनगर बदनौर टॉडगढ़
90 विश्वसनीयता के
dainiknavajyoti.com

ब्यावर नवज्योति

• ब्यावर • टॉडगढ़ • जैतारण • रायपुर • मसूदा • बिजयनगर • बदनौर

पहले दिन ब्यावर में 500 आवेदन वितरित

नगर परिषद चुनाव: प्रत्याशियों में खुशी की लहर

ब्यावर। निकाय आम चुनाव के तहत नगर परिषद ब्यावर में पार्षद बनने का सपना संजोने वाले प्रत्याशियों के लिए लोकतंत्र का उत्सव यानी चुनाव की नामांकन प्रक्रिया का गुरुवार से आगाज हो गया। पहले दिन आवेदन लेने सहित प्रतिभूति राशि जमा करवाने वालो की लंबी कतारे देखी गई। एक काउंटर धूप में होने के चलते प्रत्याशी खासे परेशान हुए।

नगर परिषद ब्यावर रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जयराज सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रथम दिन 500 से अधिक नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए। जबकि वार्ड नंबर 20 एवं 40 से एक-एक नाम निर्देशन पत्र जमा हुए है। प्रथम दिन होने के चलते अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखा गया। एसडीएम राठौड़ ने बताया कि 28 अगस्त एवं 30 अगस्त अवकाश दिवस को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 10 से 3बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र जमा करवाने के लिए वार्ड नंबर एक से 15 तक के लिए पीएमश्री राजकीय बालिका उमाविछावनी रोड, 16 से 30 तक के लिए नगर परिषद ब्यावर, 31 से 45 के लिए कलेक्ट्रेट सभागार पुराना वीसी हॉल तथा वार्ड नंबर 46 से 60तक के लिए अम्बेडकर भवन में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाएंगे। प्रतिभूति एवं निक्षेप राशि भी यहां जमा करवाई जा सकती है। पहले दिन कांग्रेस, भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े संभावित प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय अभ्यर्थियों ने भी नामांकन पत्र प्राप्त किए। निर्धारित केन्द्रों पर अभ्यर्थियों एवं उनके समर्थकों की आवाजाही बनी रही। प्रशासन की ओर से नामांकन प्रक्रिया को लेकर सभी केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गुरूवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए एएसपी डा.अनुकृति उजैनिया ने नगर परिषद स्थित नामांकन केन्द्र सहित अन्य केन्द्रों का निरीक्षण कर कानून व शांति व्यवस्था की समीक्षा की।

ऑनलाइन डाउनलोड की सुविधा, फिर भी कतार

पार्षद नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त करने सहित ऑनलाइन साइड भी डाउनलोड किए जाने की भी सुविधा निर्वाचन आयोग की ओर से की गई है। इसके साथ ही एक आवेदन की प्रति लिपि भी करवाई जा सकती है, जो मान्य होगी। लेकिन केवल मात्र वितरण के लिए आवेदन पर लिखे जाने वाले वितरण नंबर के भ्रम में लोग कतार में लगे रहे। ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं प्रतिलिपि स्वीकार्य की सूचना भी रिटर्निंग अधिकारी की ओर से जगह-जगह चस्पा की गई है।

ब्यावर। धूप में कतार में खड़े प्रत्याशी तथा नगर परिषद में निरीक्षण करते एएसपी डा.उज्जैनिया। -कमल जलवानियां

रक्षाबंधन का उल्लास, बाजारों में राखी-मिठाई की जमकर खरीददारी

ब्यावर। ब्यावर जिले में शुक्रवार को भाई बहिन के अटूट प्यार के बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन पारंपरिक रूप में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। राखी के त्यौहार को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जोरदार उत्साह का माहौल है। भाइयों की कलाई पर रखी सजाने के लिए बहिनों की गुरुवार सुबह से बाजार में खासी भीड़ उमड़ी रही। बहिनों ने भाईयो के लिए विभिन्न प्रकार की रंग बिरंगी राखियों सहित मिठाई में घेवर एवं अन्य मिठाइयां खरीद की। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़ से दुकानदारो के चेहरों पर भी खासी रौनक नजर आई। खास कर राखियों एवं मिठाइयों की दुकानों पर काफी भीड़-भाड़ दिखी। हालांकि देश भर में चीनी के बढ़े दामों ने मिठाइयों की कीमतों में भी एकाएक उछाल ला दिया। जिसके कारण भी मिठाई खरीद में काफी कमजोरी रही। बावजूद इसके आवश्यकता के अनुसार बहिनों ने मिठाइयां खरीद की। बाजार में कपड़ों की दुकाने हो या फिर किराणे की। सभी जगह ग्रामीण क्षेत्र से आए खरीददारों की भीड़ उमड़ी रही। जिससे बाजार में दिनभर रौनक रही। शुक्रवार को शुभ चौघड़ियों में बहिने अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांध कर अपनी सुरक्षा एवं सहयोग की कामना करेगी।

रोडवेज में निशुल्क यात्रा का मिलेगा लाभ

अपने भाइयों को राखी बांधने जाने वाली बहिनों को राजस्थान रोडवेज की बसों में गुरुवार की मध्य रात्रि से शनिवार की मध्य रात्रि तक निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। सरकार के निर्देश पर रोडवेज ने निःशुल्क यात्रा का लाभ देने के लिए संबंधित आगार प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश जारी किए है। जिसके चलते भाइयों को राखी बांधने जाने वाली बहनों को निःशुल्क यात्रा उपलब्ध करवाई जाएगी। यह यात्रा लाभ सिर्फ राजस्थान के भीतर ही देय होगा। महिलाएं रोडवेज की सामान्य एवं एक्सप्रेस बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेगी। रोडवेज की वॉल्वो बसों में यह सुविधा नहीं होगी।

ब्यावर। बाजार में खरीददारी करती महिलाएं। -कमल जलवानियां

बिजयनगर में 255 व मसूदा में 102 आवेदन वितरित, जमा एक भी नहीं

बिजयनगर। नगर पालिका के 40 वार्डों में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। हालांकि, चुनाव मैदान में उतरने के इच्छुक 255 प्रत्याशियों ने दोनों नामांकन केंद्रों से नामांकन पत्र प्राप्त किए। निर्वाचन विभाग की ओर से नामांकन प्रक्रिया के लिए कृषि मंडी परिसर में रिटर्निंग अधिकारी सुमन मीणा की उपस्थिति में पालिका क्षेत्र के 25 वार्डों के लिए केंद्र स्थापित किया गया। वहीं, बिजयनगर तहसील मुख्यालय पर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार भींवराज पड़िहार की उपस्थिति में 15 वार्डों के संभावित प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था की गई। गुरुवार को कृषि उपज मंडी के कृषक भवन स्थित केंद्र से 130 तथा तहसील कार्यालय स्थित केंद्र से 125 अभ्यर्थियों को नामांकन पत्र जारी किए गए। हालांकि, निर्धारित समय समाप्त होने तक दोनों केंद्रों पर एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। निर्वाचन विभाग के अनुसार नामांकन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित है। प्रत्याशी निर्धारित तिथि तक दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

मसूदा। मसूदा नगर पालिका आम चुनाव-2026 के तहत नगर पालिका के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। पहले दिन निर्वाचन कार्यालय से उम्मीदवारों ने 102 आवेदन प्राप्त किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थियों में काफी उत्साह नजर आया। सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) के माध्यम से वार्डवार नाम निर्देशन पत्रों का वितरण किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट दीपशिखा कालवी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया आगामी दिनों में भी जारी रहेगी।

कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए 8 सदस्यीय विधिक समिति गठित

ब्यावर। ब्यावर नगर परिषद चुनाव-2026 के तहत पार्षद का चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के इच्छुक प्रत्याशियों की ओर नामांकन दाखिल किए जाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर की ओर से 8 सदस्यीय विधिक समिति का गठन किया है। यह समिति पार्षद पद के प्रत्याशियों को आवेदन भरवाने में अपना सहयोग करेगी। जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा नेवताया कि इस समिति में एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया, बालकिशन गोठवाल, मंगन सोलंकी, शेखर मेहरात, विक्रम रावत, दिनेश टेलर, रवि सुखाड़िया को शामिल किया गया है। इस समिति से प्रत्याशियों को आवेदन करने में मार्गदर्शन मिलेगा। ब्लॉक अध्यक्ष शर्मा ने सभी प्रत्याशियो से आग्रह किया है कि वे अपने आवेदन पत्र को नियमानुसार पूर्ण मनोयोग के साथ भरे। किसी तरह की कोई त्रुटि नही रखे। यदि कही भी कोई दिक्कत या असहजता महसूस हो रही है तो वे विधिक समिति से मार्गदर्शन लेकर आवेदन को पूर्ण करे। प्रवक्ता वृतंज्य आर्य ने बताया कि संगठन के महासचिव गोपाल डाणीने भी सभी प्रत्याशियों को पूर्ण रूप से चुनावी आचार संहिता की पालना करना करने के निर्देश दिए है। संगठन एवं प्रत्याशियों के बीच आपसी समन्वय पर भी जोर दिया है।

मिठाइयों के लिए सैम्पल, सफाई के निर्देश

ब्यावर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की शुद्ध आहार मिलावट पर वार योजना के तहत सीएमएचओ डॉ.संजय गहलोत के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल की ओर से जांच करते हुए कार्यवाही की गई। अभियान के तहत मिठाई की दुकानों से गुलाब जामुन, घी, तेल वलड्ड के सैम्पल लिये गये। खाद्य सुरक्षा दल में नारायण सिंह, दशरथ सिंह शामिल थे। उक्त कार्यवाही में लिये गये नमूनों को अजमेर लैब में भिजवा दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मौके पर साफ सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

दिव्यांग बच्चों ने अधिकारियों की कलाई पर बांधी राखी

ब्यावर। संजय इंक्लूसिव स्कूल, ब्यावर में गुरुवार को स्वीप जागरूकता के साथ रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-बहनों ने अपने भाइयों सहित प्रशासनिक कार्यालयों में जाकर अधिकारियों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिवीक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला ब्यावर विशाल सोलंकी रहे। अध्यक्षता समाजसेविका प्रतिभा मुनोत ने की। विशिष्ट अतिथि सुनीताचौधरी, धीरज जैन, हरीश त्रिपाठी, यशपाल शर्मा, पंकज परिहार तथा राजेश सहित संस्था के उपनिदेशक शिक्षा रणसिंह चीता उपस्थित रहे। जिला कलक्टर कमलराम मीणा ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद प्रदान किया।

ब्यावर। समाजसेवी संस्था दिशा आरसीडी की ओर से बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर विशेषजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अर्थ स्टार संस्था के विशेष विद्यालय के सहयोग से बच्चों ने साकेतनगर थाना पहुंच कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधे तथा सुरक्षा एवं संरक्षण की उम्मीद जताई। थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया सहित पुलिस कर्मचारियों ने बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी बयां कर बाल सुरक्षा का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संस्था के प्रतिनिधि लक्ष्मणसिंह, अमिता और विद्यालय की अध्यक्ष सर्वेश्वर चौहान, सुधीरप्रतापसिंह, चंदा प्रजापति, चांदनी, यश, देवेन्द्र, बिट्टू, नयारा मौजूद रहे।

पुलिस कर्मियों की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र

बिजयनगर। नगर में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद की बहनों ने थाना परिसर पहुंचकर पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का संदेश दिया। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर विहिप की बहनों ने पुलिसकर्मियों को अपना भाई मानते हुए तिलक लगाया, कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मुंह मीठा कराया। इंदुबाला सहित अन्य बहनों ने थाना परिसर में थाना प्रभारी राजवीर सिंह, एएसआई कैलाश चंद्र सहित पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवन के हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प जताया।

साइबर अपराध से बचाव को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

ब्यावर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर के तत्वावधान में राजमावि देवाता में साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के साथ-साथ सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्यावर की सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश सोनल पारीख ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल ठगी, पहचान की चोरी, साइबर स्टॉकिंग सहित विभिन्न साइबर अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं उपलब्ध विधिक उपचारों के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश रावत, उप-प्राचार्य ओमप्रकाश रावत सहित विद्यालय स्टाफ के नरेन्द्र फुलवारी, गजेन्द्र सिंह चौहान एवं मधुमति आदि उपस्थित रहे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत निष्पक्ष मतदान की शपथ

ब्यावर। जिला स्वीप टीम एवं उपखंड स्वीप टीम ब्यावर के तत्वावधान में गुरुवार को बाल मंदिर नर्सरी एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने राखी मेकिंग, कार्ड मेकिंग एवं रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी सुनीता चौधरी, सीताराम प्रजापति, डाईट मसूदा के तारा चंद जांगिड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार आदर्श विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक राखी लोकतंत्र के नाम स्वीप की पाती एवं वोटर की मनुहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीपलेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक

ब्यावर। ब्रज मोहन लाल शर्मा नगर गणेशपुरा स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। मंगलम शो रूम वाले शांति देवी किलावत अपने सुपुत्रों अनिल, अरूण परिजनों के साथ पूजन-अर्चना करके अपने परिवार व समस्त कालानी के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए सहस्त्रधारा में पूजन किया। पंडित मोहित शर्मा टीम ने रूद्री पाठ किया जिसमें सभी कालोनी वासियों ने सपरिवार पहुंच कर जलाभिषेक सेवा की। सहस्त्रधारा के बाद भोलेनाथ का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। महिला मंडली द्वारा महादेव जी के भजन प्रस्तुत किए गए। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव महेंद्र शर्मा, अश्वनी प्रजापति, केएम जोशी, गणपत शर्मा, अनिल किलावत, अरुण किलावत, सुनिल, शोभा किलावत मौजूद रहे।

दाहरसेन जयंती समारोह को लेकर बैठक

ब्यावर। सिंधु सेवा समिति ब्यावर की ओर से सिंधुपति दाहरसेन जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 27 सितंबर को किया जाएगा। समारोह के आयोजन को लेकर एक बैठक गुरूवार को समिति के अध्यक्ष राजेश गिदवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समारोह में समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष गिदवानी ने बताया कि इसके लिए प्रतिभाओं को आगामी 12 सितंबर तक अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रमाण पत्र सहित जमा करवाना होगा। बैठक में समिति के संरक्षक शंकर जुरानी, बाबूमल गंगवानी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश देवानी, कोषाध्यक्ष चंद्र केसवानी, प्रदीप कृपलानी, सचिव नरेन्द्र भोजवानी, डॉ. नरेन्द्र आनंदानी, जय गुलाबानी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

इंसान को आहार पर विशेष ध्यान देना चाहिए

ब्यावर। जैन संत विनय मुनि ने कहा कि इंसान के जीवन में आहार का भी अपना एक अलग ही महत्व है। जिस तरह का आहार इंसान उपयोग में लेगा उसी प्रकार उसकी सोच का निर्माण भी होगा। अच्छा खाएंगे तो मन और विचार के साथ शरीर भी अच्छा रहेगा। अशुद्ध आहार व्यक्ति को बुरा ही बनाता है। वे गुरुवार को समता भवन में चातुर्मासीय प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कहावत है जैसालेंगे आहार वैसी आएगी डकार। अर्थात आहार में शुद्धता आवश्यक है। व्यक्ति को घर के बजाय बाहर जाकरखाना खाने से परहेज करना चाहिए।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda Branch - Udaipur Road, Beawar (Raj.)Ph. No. 01462-225250, Mob. 8094015489; E-mail: udairo@bankofbaroda.com

वाहन ई-नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा- उदयपुर रोड, ब्यावर जिला- ब्यावर द्वारा दिये गये ऋण खाता श्री तिलेन्द्र चौधरी पुत्र श्री शंकर लाल चौधरी में अनुबन्ध के अनुसार पुनर्भुगतान ना करने के कारण सम्बन्धित ऋणियों को बकाया रकम चुकाने हेतु नोटिस दिया गया था। इसके पश्चात भी निर्धारित समयावधि में ऋण राशि जमा करवाने में असफल रहने के कारण बैंक द्वारा सुक्षिप्तकृत वाहन की ऋण राशि की वसूली हेतु 'जहाँ है, जैसा है, जो भी है' वाहन निम्नान जिक्सर एक्स. वी. जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर RJ36CB2678 है, की दिनांक 15.09.2026 को सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित की जा रही है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये शाखा प्रबन्धक से मो.नं. 8094015489 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	नीलामी वाहन का विवरण	आरक्षित मूल्य एंव धरोहर राशि बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी दिनांक व समय व बोली वृद्धि समय
1.	श्री तिलेन्द्र चौधरी पुत्र श्री शंकर लाल चौधरी, पता:- शिव विहार कॉलोनी, दया नगर, ब्यावर (राज.)-305901	Nissan Kicks X.V. Petrol Model 2023 Registration No. RJ36 CB 2678; Engine No. H4KA802E012349 Chassis No. MDHFBAD15N2005023	आरक्षित मूल्य रू. 1,80,000/- अग्रिम धनराशि रू. 18,000/- बोली वृद्धि राशि रू. 10,000/-	15-09-2026; समय प्रातः 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक (प्रत्येक 05 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

धरोहर राशि जमा करवाने की दिनांक व समय:- दिनांक 14.09.2026 को समय सांय 04:00 बजे तक।
नोट:- निरीक्षण दिनांक 07.09.2026 समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक।
निरीक्षण स्थान:- फ्लेट नंबर 4/3, ईडा विहार, संगम प्लाइवुड के पास, अरहित विहार रोड, भीलवाड़ा राजस्थान।
नीलामी के नियम एवं शर्तें निम्नानुसार होगी:- नीलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि 10 प्रतिशत नीलामी पूर्व दिनांक 14.09.2026 को दोपहर 04:00 बजे तक जमा करानी होगी। नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम राशि प्रस्तावित करने वाले को (बैंक द्वारा बोली स्वीकार करने की स्थिति में) नीलामी की 25 प्रतिशत राशि उसी समय मौके पर अथवा अधिकतम 24 घण्टे के भीतर जमा करानी होगी, शेष राशि नीलामी तिथि से 15 दिवस के भीतर शाखा में जमा करवाने पर वाहन का कब्जा दिया जा सकेगा। दी गई अवधि में राशि जमा नही कराने पर पूर्व में जमा की गई राशि जप्त कर ली जाएगी।
नीलाम किये जा रहे वाहन से सम्बन्धित किसी भी तरह के खर्चाके, टैक्स, जी.एस.टी. या अन्य दायित्वों (यदि कोई हो तो), का वहन क्रेता को ही करना पड़ेगा जिसके लिये बैंक प्रतिभूत लेनदार जिम्मेदार नहीं होगा। वाहन के पंजीयन एवं हस्तान्तरण कराने आदि के समस्त व्यय एवं अभ्युपगिकताओ की पूर्ति की जिम्मेदारी बोली पुकारने वाले की होगी। नीलामी में आखिरी बोली स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार शाखा प्रबन्धक के पास सुरक्षित रहेगा।
नीलामी दिनांक 15.09.2026 को सार्वजनिक ई-नीलामी लिये गये वेबसाईट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://BAANKNET.com) एंव अधिक जानकारी के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा- उदयपुर रोड, ब्यावर जिला- ब्यावर मो. 8094015489 से सम्पर्क करे।
दिनांक: 28.08.2026 शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा:- उदयपुर रोड, ब्यावर

DNJ-410365

नाले में अवरोध से सड़कें बनीं तरणताल

वार्ड 14 व 15 के हालात, क्षेत्रवासी एवं राहगीर परेशान

ब्यावर। शहर के वार्ड संख्या 14 और 15 में होटल विक्रांत रोड पर नाला जाम होने से बिना बारिश ही सडकों पर करीब आधा फीट पानी बहने लगा। नाले के बहाव क्षेत्र में लगी जाली और अन्य अवरोध के कारण पानी की निकासी बाधित होने से पूरी सडक जलमग्न हो गई। गुरुवार सुबह नाला जाम होने की सूचना मिलने पर नाला टीम मौके पर पहुंची और जाली सहित अन्य अवरोध हटाकर नाले का बहाव सुचारू किया।

इसके बाद सड़क पर जमा पानी की निकासी होने से स्थानीय निवासियों को राहत मिली। जानकारी के अनुसार करीबतीन वर्ष पूर्व क्षेत्र में नए नाले का निर्माण करवाया गया था। नाले के बहाव क्षेत्र में बाद में एक जाली लगा दी गई, जिससे नाले में पानी का प्रवाह प्रभावित होने लगा। स्थानीय लोगों की ओर से करीब एक माह पूर्व भी जाली हटाने को लेकर लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई नही होने से समस्या बनी रही। गुरुवार को नाला जाम होने के बाद स्थिति गंभीर हो गई और बिना बारिश के ही सड़क पर पानी बहने लगा।

HDFC BANK We understand your world

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा: सी-25, भगवन दास रोड, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001, टेली.: 0141-6480799 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com
पंजीकृत कार्यालय: एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर पोल (वेस्ट) मुम्बई - 400013

ई-नीलामी विक्रय सूचना (विक्रय जरिये ई-बोली द्वारा)

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु नीलामी विक्रय सूचना। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का मान्नीय एमसीएलटी मुम्बई का द्वारा दिनांक 17.03.2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित एकीकरण योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विलीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 (नियम) के नियम 8(6) के तहत प्रदत्त अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी विक्रय सूचना।

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणीयों/जमानतदारों कॉलम (ए) में निर्देशित को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति कॉलम (सी) में निर्देशित जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रतीकित कब्जा/वास्तविक कब्जा कॉलम (डी) में वर्णित एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया गया है "जो है, जहां है-जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत कॉलम(ए) में निर्दिष्ट ऋणी/बंधककर्ता/ कानूनी प्रतिनिधियों (यदि ज्ञात हो या अज्ञात) कार्यकारियों, प्रशासकों, सक्सेजर एवं असाइनिज को सूचना दी जाती है। विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.hdfcbank.com पर दिये गए लिंक का संदर्भ लेवें।

क्र. सं.	(ए) ऋणीयों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/कानूनी वारिस एवं उनके कानूनी प्रतिनिधि का नाम (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात) कार्यकारीयों/प्रशासकों, सक्सेसर एवं असाईजिन उसके ऋणीयों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों(मृतक के वारिस) जैसा भी हो	(बी) बकाया राशि की वसूली की जानी है (प्रतिभूत ऋण) (रू. में)*	(सी) अचल संपत्ति का विवरण/प्रतिभूत संपत्ति	(डी) कब्जे का प्रकार	(ई) निरीक्षण की दिनांक एवं समय	(एफ) आरक्षित मूल्य (रूपये में)	(जी) बोली जमा करवाने की अंतिम दिनांक	(एच) जमा धरोहर राशि (रूपये में)	(आई) बोली वृद्धि राशि (रू.)	(जे) नीलामी की दिनांक एवं समय	(के) सम्पर्क व्यक्ति
1.	श्री मोहन लाल घोसी पुत्र श्री किशोर लाल, श्रीमती कांता देवी पत्नी श्री मोहन लाल घोसी ऋण खाता संख्या 658798585, 660636060	रू. 8,73,643/- दिनांक 31-अक्टूबर-2024 तक बकाया	लॉट नं. 33 (दक्षिण भाग), केलाश कॉलोनी, खसरा नं. 70, 71, छावनी-प्रेड, ब्यावर (राजस्थान), क्षेत्रफल लगभग: 77.91 वर्गगज या 65.14 वर्गमीटर। सीमाएं: पूर्व- इंदु का प्लॉट, पश्चिम- आम रास्ता 30'', उत्तर- प्लॉट नं. 33 का शेष भाग, दक्षिण- धनश्याम जी का प्लॉट।	भौतिक कब्जा	05-सितंबर, 2026 को प्रातः 11 बजे से सांय 4.00 बजे	रू. 13,26,000/-	25 सितम्बर, 2026, सांय 5 बजे पहले	बोली राशि का 10%	रू. 10,000/-	29 सितम्बर, 2026 दोपहर 12:00 से 12:30 बजे	श्री काण शर्मा 9426794800

* लागू होने वाला आगे का ब्याज भुगतान की दिनांक/या वसूली होने तक के व्यय किये हुए आकस्मिक खर्चों, लागतों, शुल्कों इत्यादी के साथ।
एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना के अनुसार, उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य प्रभारा नहीं है।
मेसर्स वेण्डूटस्ट केयरलन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ई-बोली प्रक्रिया के माध्यम से नीलामी आयोजित करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी, ई-बोली हमारे प्राधिकृत सेवा प्रदाता, वेण्डूटस्ट की वेबसाइट https://BidDeal.in पर होगी। संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने तथा अन्य किसी भी प्रश्न के लिए कृपया कॉलम (के) में वर्णित संपर्क व्यक्ति से संपर्क करें। बोली दस्तावेज प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से उनके कार्यालय : सी-25, भगवन दास रोड, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर से प्राप्त किये जा सकते है। प्रतिभूत पार्सलपत्तियों को "जैसा है जहां है" और "जो है जैसा है" आधार पर बेचा जा रहा है।

दिनांक: 28.08.2026 स्थान: ब्यावर

हस्ताक्षर/-
प्राधिकृत अधिकारी

DNJ-410364